हरिभूमि

# मालवा भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, बुधवार 3 अप्रैल 2024

[ नागदा | महिदपुर | तराना | बड़नगर | उन्हेल | घट्टिया | इंगोरिया | खाचरौद | माकड़ोन | कायथा ]



06 हार्डकोर क्रिमिनल साइकोलॉजी वाले ...





07 ये तो हद हो गई...जिला अस्पताल में नहीं ...




**लोकसभा क्षेत्र**

**गुना**

1 **भाजपा प्रत्याशी**
ज्योतिरादित्य सिंधिया

2 **कांग्रेस प्रत्याशी**
राव यादवेंद्र सिंह यादव

**पिछली बार कौन जीता**
केपी सिंह यादव

**जीत का अंतर**
1 लाख 25 हजार 549

## क्या रहेंगे मुद्दे?

गुना-शिवपुरी में सभी तरह के मुद्दों का असर रहता है। जहां तक चुनावी मुद्दों का सवाल है तो गुना-शिवपुरी संसदीय क्षेत्र में सभी तरह के मुद्दों का असर है। लोग राष्ट्रीय मुद्दों और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की लहर से प्रभावित दिखाई पड़ते हैं। ज्योतिरादित्य की हार के बाद यह क्षेत्र उपेक्षित जैसा रहा। प्रदेश की सरकार ने भी खास ध्यान नहीं दिया। इसकी वजह से लोगों में नाराजगी दिखती है। चंबल-ग्वालियर अंचल का होने से यहां जातीय राजनीति का असर है। यह चुनाव को प्रभावित करेंगे। सिंधिया परिवार ने क्षेत्र के लिए विकास के काफी काम किए हैं। इनका असर भी लोकसभा चुनाव में देखने को मिल रहा है।

### पिछला चुनाव हार चुके सिंधिया की राह इस बार भी कठिन, कांग्रेस ने क्षेत्र का यादव प्रत्याशी उतार मुश्किल में डाला

# जातीय समीकरणों में उलझा ज्योतिरादित्य-यादवेंद्र के बीच मुकाबला

*केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया के कारण हाई प्रोफाइल गुना-शिवपुरी लोकसभा सीट में कड़ा मुकाबला देखने को मिल सकता है। चुनाव पर इसलिए भी सबकी नजर है, क्योंकि महल घराने के सिंधिया 2019 में लगभग सवा लाख वोटों के अंतर से चुनाव हार गए थे। तब वे कांग्रेस में थे, अब भाजपा प्रत्याशी हैं। पिछली बार उन्हें उनके ही सहयोगी रहे केपी सिंह यादव ने भाजपा प्रत्याशी के तौर पर चुनाव लड़कर हराया था। इस बार कांग्रेस ने क्षेत्र के ही चर्चित यादव परिवार के सदस्य राव यादवेंद्र सिंह को मैदान में उतारा है। ज्योतिरादित्य और यादवेंद्र की लड़ाई को क्षेत्र के जातीय समीकरणों ने उलझा दिया है। इससे सिंधिया की राह ज्यादा आसान नहीं है।*


**ग्राउंड रिपोर्ट**

दिनेश निगम 'त्यागी' ⏭ भोपाल

प्रदेश की गुना-शिवपुरी लोकसभा सीट में कांग्रेस ने भाजपा के ज्योतिरादित्य सिंधिया को उनकी ही शैली में जवाब देने की कोशिश की है। 2019 के चुनाव में वे कांग्रेस से भाजपा में गए और अपने ही सहयोगी केपी सिंह यादव से चुनाव हार गए थे। इस बार सिंधिया भाजपा में हैं और पार्टी ने केपी का टिकट काटकर उन्हें ही टिकट दे दिया है। कांग्रेस ने भी नहले पर दहला जड़ते हुए क्षेत्र में भाजपा के कद्दावर नेता रहे राव देशराज सिंह यादव के बेटे राव यादवेंद्र सिंह को मैदान में उतार दिया है। क्षेत्र में यादव मतदाताओं की तादाद ज्यादा है। केपी सिंह यादव का टिकट काटे जाने के



ज्योतिरादित्य सिंधिया



राव यादवेंद्र सिंह

कारण उनमें नाराजगी भी है। क्षेत्रीय समीकरणों के कारण जाटव, गुर्जर और लोधी मतदाताओं का भी भाजपा खासकर सिंधिया से मोह भंग हुआ है। हालांकि गुना-शिवपुरी संसदीय क्षेत्र में हमेशा महल घराने अर्थात सिंधिया परिवार का दबदबा रहा है। अपवाद के तौर पर पिछला चुनाव छोड़ दें तो इस परिवार का कोई सदस्य यहां से चुनाव नहीं हारा, लेकिन 2019 का चुनाव हारने के बाद सिंधिया लंबे समय तक क्षेत्र के लोगों से गुस्सा दिखाई पड़े। विधानसभा चुनाव में भी उनके समर्थक उस तादाद में नहीं जीते, इसकी वजह से काफी समय तक ये क्षेत्र उपेक्षित रहा। अब भाजपा ने अपने उस सांसद केपी सिंह यादव का टिकट काट दिया, जिसने पहली बार सिंधिया परिवार के सदस्य को हराने का कीर्तिमान रचा था। ऐसे में भले मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव हैं, लेकिन यादव समाज कांग्रेस के राव यादवेंद्र सिंह यादव के पाले में जा सकता है। अन्य जातियों में लोधी समाज पूर्व मुख्यमंत्री उमा भारती की उपेक्षा के कारण नाराज तो है ही, इनका यादव समाज के साथ अघोषित समझौता जैसा हुआ है। पिछौर में यादव समाज ने प्रीतम लोधी को वोट देकर जिताया है, अब लोकसभा चुनाव में लोधी समाज की अहसान चुकाने की बारी है। गुर्जर और जाटव समाज अब एकतरफा नहीं, बंटा नजर आ रहा है।

### विधानसभा सीटों के लिहाज से भाजपा भारी

गुना लोकसभा सीट के तहत तीन जिलों गुना, अशोक नगर और शिवपुरी की विधानसभा सीटें आती हैं। इनमें गुना जिले की बमोरी, गुना, शिवपुरी जिले की पिछोर, कोलारस, शिवपुरी और अशोक नगर जिले की मुंगावली, चंदेरी और अशोक नगर विधानसभा सीटें शामिल हैं। विधानसभा चुनाव नतीजों की दृष्टि से पूरे लोकसभा क्षेत्र में भाजपा भारी दिखती है। भाजपा के पास 6 सीटें हैं तो कांग्रेस के पास सिर्फ दो। भाजपा ने 6 सीटें कुल 2 लाख 9 हजार 529 वोटों के अंतर से जीती हैं, जबकि कांग्रेस की जीत का अंतर महज 23 हजार 169 रहा है। इस तरह भाजपा 1 लाख 86 हजार 360 वोटों की बढ़त पर है। कांग्रेस ने 2018 के विधानसभा चुनाव में बढ़त ली थी, लेकिन लोकसभा में ज्योतिरादित्य चुनाव हार गए थे, इसलिए मतदाताओं के मूड को पढ़ना आसान नहीं है।

### तीन जिलों को मिला कर बनी गुना लोकसभा सीट

गुना लोकसभा सीट का भौगोलिक क्षेत्र तीन जिलों में फैला है। इसके तहत आने वाली 8 विधानसभा सीटें तीन जिलों गुना, अशोक नगर और शिवपुरी के अंतर्गत आती हैं। इस सीट के राजनीतिक मिजाज की बात करें तो यहां सिंधिया परिवार का ही दबदबा रहा है। 1998 तक इस सीट से राजमाता विजयाराजे सिंधिया भाजपा के टिकट पर चुनाव लड़ती और जीतती रहीं। इसके बाद उनके बेटे माधवराव सिंधिया ग्वालियर छोड़कर गुना से चुनाव लड़ने आ गए तो यह सीट कांग्रेसी हो गई। 1998 का लोकसभा चुनाव यहां से माधवराव सिंधिया जीते। इसके बाद उनका निधन हो गया तो उनकी राजनीतिक विरासत ज्योतिरादित्य ने संभाली। कांग्रेस के टिकट पर उन्होंने 2004, 2009 और 2014 का लोकसभा चुनाव लड़ा और जीता।

### यादव, जाटव, गुर्जर लोधी समाज निर्णायक

गुना लोकसभा क्षेत्र में चार जातियों यादव, लोधी, जाटव और गुर्जर समाज का दबदबा है। क्षेत्र में जाटव समाज के मतदाता लगभग तीन लाख और यादव समाज ढाई लाख के आसपास बताया जाता है। इसके बाद लोधी और गुर्जर मतदाताओं की तादाद है। ये भी लगभग डेढ़-डेढ़ लाख है। 2019 के लोकसभा चुनाव में इन सभी जातियों के मतदाता एकजुट हो गए थे। इसकी वजह से ज्योतिरादत्य सिंधिया 1 लाख 25 हजार 549 वोटों के अंतर से चुनाव हार गए थे। इस बार भी ये मतदाता किसी का भी खेल बिगाड़ने का माद्दा रखते हैं। यादवों की ज्यादा तादाद में कांग्रेस के पक्ष में जाना तय है, जबकि गुर्जर और जाटव मतदाता का ज्यादा हिस्सा भाजपा के पक्ष में जा सकता है।

# दिग्विजय सिंह ने रामदेव धाम टिकोन पहुंच कर लिया आशीर्वाद



हरिभूमि न्यूज ⏭ नलखेड़ा

प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री तथा राजगढ़ संसदीय क्षेत्र से कांग्रेस प्रत्याशी दिग्विजय सिंह अपनी वादा निभाओ पदयात्रा के दौरान तहसील के ग्राम टिकोन पहुंचे। जहां उनके द्वारा ग्राम में स्थित प्रसिद्ध बाबा रामदेव धाम पर बाबा के दर्शन कर चुनाव में विजय श्री प्राप्त करने के लिए आशीर्वाद प्राप्त किया। राजगढ़ संसदीय क्षेत्र से इस बार कांग्रेस पार्टी द्वारा प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह को अपना उम्मीदवार बनाया है। प्रत्याशी घोषित होने के बाद दिग्विजय सिंह ने नलखेड़ा स्थित विश्व प्रसिद्ध पीतांबरा सिद्ध पीठ मां बगलामुखी मंदिर से अपनी वादा निभाओ पदयात्रा प्रारंभ की गई है। पदयात्रा के दौरान श्री सिंह तहसील के ग्राम टिकोन पहुंचे जहां ग्राम वासियों द्वारा उनका स्वागत किया



गया। वही श्री सिंह ग्राम में स्थित प्रसिद्ध एवं चमत्कारी श्री बाबा रामदेव धाम देवस्थान पर भी पहुंचे। जहां उन्होंने बाबा के दर्शन कर लोकसभा चुनाव में अपनी जीत के लिए आशीर्वाद प्राप्त किया। देवस्थान पहुंचने पर उनका बाबा के सेवक शिवनारायण पाटीदार तथा अन्य के द्वारा स्वागत किया गया। पूर्व मुख्यमंत्री के साथ प्रदेश सरकार के पूर्व मंत्री हुकुम सिंह कराड़ा, क्षेत्र के विधायक भेरू सिंह परिहार बापू सहित वरिष्ठ कांग्रेस जन भी रामदेव धाम पहुंचे थे। जिन्होंने भी बाबा रामदेव के दर्शन किए।

### शासकीय-अशासकीय विद्यालयों मे हेल्थ क्लब का गठन होगा

नलखेड़ा। स्कूली बच्चों में खानपान, स्वास्थ्य एवं स्वच्छता संबंधी जागरूकता लाने के उद्देश्य से जिले के समस्त शासकीय व अशासकीय विद्यालयों मे हेल्थ क्लब का गठन होगा। कलेक्टर राघवेन्द्र सिंह द्वारा जिला शिक्षा अधिकारी को पत्र जारी कर निर्देशित किया है कि जिले के सभी शासकीय एवं अशासकीय विद्यालयों में हेल्थ क्लब का गठन आगामी 15 दिवस में करवाया जाए। संस्था प्रमुख एवं प्राचार्य से इस आशय का प्रमाण पत्र भी प्राप्त करें।

# आदर्श आचरण संहिता का उल्लंघन करने वालों पर कार्रवाई करें: कलेक्टर राघवेंद्र सिंह

हरिभूमि न्यूज ⏭ नलखेड़



जिले में लोकसभा निर्वाचन के लिए प्रभावशील आदर्श आचार संहिता का पालन सुनिश्चित करें, उल्लंघन करने वालों के विरूद्ध कार्यवाही करें, यह निर्देश कलेक्टर राघवेन्द्र सिंह ने सोमवार को कलेक्टोरेट सभाकक्ष में आयोजित टीएल बैठक में अधिकारियों को दिए। उन्होंने कहा कि राजनीतिक दलों एवं राजनीतिक व्यक्तियों द्वारा प्रचार-प्रसार के लिए रैली का आयोजन एवं वाहन का उपयोग दी गई अनुमति अनुसार ही हो, सुनिश्चित करें।

बैठक में सीईओ जिला पंचायत हरसिमरनप्रीत कौर, एडीएम आरपी वर्मा, एसडीएम आगर सर्वेश यादव, एसडीएम सुसनेर मिलिन्द ढोके सहित जिला अधिकारी उपस्थित रहे। कलेक्टर ने निर्देश दिए कि उपार्जन केन्द्रों पर मूलभूत सुविधाएं सुनिश्चित करे, किसानों को कोई असुविधा ना हो, सरकार के नियमों की जानकारी किसानो को बताये, एसडीएम, तहसीलदार एवं उपार्जन के लिए गठित समिति सतत भ्रमण कर उपार्जन सुचारू रखे। उन्होंने निर्देश दिए कि जिले के शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में ग्रीष्मकाल में पेयजल व्यवस्था सुनिश्चित की जाए, पेयजल संबंधी समस्या संज्ञान में आने पर अधिकारी तत्परता से समस्या दूर करें। उन्होंने जिले में पर्याप्त मात्रा में भूसे एवं चारे की उपलब्धता बनाए रखने हेतु जारी प्रतिबंधात्मक आदेश का पालन करवाते हुए भूसे के अवैध परिवहन पर कार्यवाही करने के निर्देश दिए। उन्होंने राजस्व वसूली की समीक्षा की। रोस्टर निरीक्षण दल समय पर कार्यालय का निरीक्षण कर निरीक्षण रिपोर्ट कलेक्टर कार्यालय में उपलब्ध करवायें। सभी विभाग प्रमुख समय-सीमा पत्रों का जवाब समय पर भेजना सुनिश्चित करें।

# परीक्षा परिणाम जानकर खिले छात्राओं के चेहरे

**नलखेड़ा।** सीएम राइज विद्यालय नलखेड़ा में कक्षा 9 वी एवं 11 वी की वार्षिक परीक्षा का परीक्षा परिणाम घोषित किया गया। कक्षा 9 वी में कुल सम्मिलित 121 छात्राओं में से 70 छात्राएं उत्तीर्ण हुई।कुल परीक्षा परिणाम 57.85 प्रतिशत रहा।49 छात्राओं ने प्रथम श्रेणी प्राप्त की। कक्षा 11 वी में कुल सम्मिलित 107 छात्राओं में से 71 छात्राएं उत्तीर्ण हुई। कुल परीक्षा परिणाम 66.36 प्रतिशत रहा। 57 छात्राओं ने प्रथम श्रेणी प्राप्त की। कक्षा 9 वी में कल्पिता भाटी ने मेरिट में प्रथम,मीना कुम्भकार ने द्वितीय तथा कोमल विश्वकर्मा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। कक्षा 11 वी में मेरिट में आरजू मंसूरी ने प्रथम,सोना मालवीय ने द्वितीय तथा निशा मालवीय ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। सभी छात्राओं को विद्यालय प्राचार्य मनोज चतुर्वेदी,उप प्राचार्य शान्तिलाल राठौर तथा परीक्षा प्रभारी मुकेश चौरसिया ने स्वर्णिम सफलता हेतु बधाई दी एवं उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।



### बढ़ा आर्थिक बोझः बोर, कुओं और टैंकरों से खरीदकर लेना पड़ रहा पानी

# सात महीने बाद भी नहीं डाली पाइप लाइन, गर्मी में जल संकट से जूझ रहे हैं 150 परिवार

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

एक तरफ तेज गर्मी पड़ने लगी है तो दूसरी तरफ क्षतिग्रस्त पाइप लाइनों की मरम्मत नहीं हो पा रही है। लापरवाही इस कदर हो रही है कि पिछले 7 महीने से जहां की लाइन टूट चुकी है उसे आज तक नहीं डाला जा सका। अब गर्मी में लोग पानी के लिए यहां परेशान हो रहे हैं। बोरों, कुओं के अलावा लोगों को 300 से 400 रुपए में पानी का टैंकर खरीदकर काम चलाना पड़ रहा है। इस लापरवाही से करीब 150 परिवार पानी के लिए परेशान हो रहे हैं। लोगों में पानी को लेकर अब गुस्सा दिखाई देने लगा



है। हुआ यह कि कोलीपुरा से झागरिया चौराहा तक फोरलेन का निर्माण होना था। सड़क का निर्माण जब शुरू हुआ तो बेस बनाने के लिए नीचे से खुदाई करना पड़ी। इस बीच मंदिर के पास के सभी घरों के लिए जा रही पानी सप्लाई लाइन क्षतिग्रस्त हो गई। पहले तो यह कहा गया कि सड़क बन जाए तो इसके बाद पानी की सप्लाई लाइन को डाला जाएगा। सीसी रोड होने के कारण पानी की लाइन को पहले की तरफ नीचे से नहीं डाला जा सकता है। सड़क को बने तो कई महीने हो गए लेकिन पाइप लाइन नहीं डल सकी।

#### टैंकरों से ले रहे हैं पानी

यहां के लोगों का कहना है कि इस समय तेज गर्मी पड़ना शुरू हो गई है। ऐसे में पानी की अधिक खपत हो रही है। इधर नगर पालिका का अमला नई लाइन डालने को तैयार नहीं है। हमें तो टैंकरों से खरीदकर पानी लेना पड़ रहा है। इस समस्या का समाधान कब तक होगा, यह कह पानी मुश्किल है। इस संबंध में सहायक यंत्री विजय कोली ने बताया कि शीघ्र ही सप्लाई लाइन डालने का काम शुरू किया जाएगा। नई सप्लाई लाइन आ चुकी है। इस सप्ताह लाइन डाल दी जाएगी।

# भीषण गर्मी को देखते हुए प्रांतीय शिक्षक संघ ने स्कूलों के समय में परिवर्तन की मांग की

**सीहोर।** प्रदेश में लगातार तापमान में बढ़ोतरी हो रही है। ऐसे में शिक्षा विभाग 1 अप्रैल से नवीन शैक्षणिक सत्र शुरू करने की तैयारी कर रहा है। इसी को ध्यान में रखते हुए प्रांतीय शिक्षक संघ ने मांग की है कि भीषण गर्मी के प्रभाव को देखते हुए 1 अप्रैल से स्कूल संचालित करने का समय परिवर्तित किया जाए। स्कूल संचालित करने का समय सुबह की पारी 7 बजे से 12 बजे तक निर्धारित किया जाए। प्रांतीय शिक्षक संघ जिला सीहोर का एक प्रतिनिधिमंडल जिला शिक्षा अधिकारी संजय सिंह तोमर से मिला और उनसे समय परिवर्तन की मांग की।



प्रांतीय शिक्षक संघ में कहा है कि दिन प्रतिदिन तापमान बढ़ता जा रहा है। ग्रामीण क्षेत्रों में पेयजल और बिजली की समस्या रहती है इससे छात्र छात्राओं के स्वास्थ्य पर विपरीत असर पढ़ने की संभावना है। गर्मी से बच्चे बीमार भी पढ़ सकते हैं।शहरी एवम ग्रामीण क्षेत्रों में प्रातः के समय अभिभावक का मिलना आसान होता है और पालक संपर्क के माध्यम से छात्र संख्या बढ़ने से लेकर छात्रों की अधिक उपस्थित सत्र की उपयोगिता को सार्थक करेगी। पूर्व में भी भीषण गर्मी को देखते हुए समय परिवर्तन किया जाता रहा है। इस अवसर पर प्रांतीय शिक्षक संघ के जिला अध्यक्ष संजय सक्सेना ,संगठन मंत्री बलराम पवार प्रांतीय मीडिया प्रभारी प्रदीप नागिया, राजेंद्र परमार, नरेश मेवाडा, आशीष शर्मा, निर्भय बारबा, भीम सिंह कीर, हेमंत मालवीय, दिनेश मेवाड़ा, विजय बजाज, आलोक श्रीवास्तव मौजूद थे।

**खबर संक्षेप**

### जवाहर नवोदय में हुआ छात्रों का चयन




चापडा। नगर के श्री अंबिका विद्या मंदिर चापड़ा के छात्र हिमांशु पिता राजेश सिंह देवड़ा चापडा एवं प्रोग्रेसिव पब्लिक स्कूल चापड़ा के छात्र गणेश पिता इंदर चौहान का जवाहर नवोदय विद्यालय कक्षा 6 के लिए चयन परीक्षा में सफलता प्राप्त कर स्कूल सहित गाँव का नाम रोशन किया है। इस अवसर पर विनोद वर्मा,अजय पोराणिक ने हर्ष व्यक्त कर छात्रों के विद्यालय परिवार कि और से उज्वल भविष्य की कामना कि।

### सहकारी संस्था में पदस्थ सर्वेयर टेमरे को कार्य से हटाया

देवास। जिले में गेहूं उपार्जन कार्य किया जा रहा है। सहायक संचालक कृषि लोकेश गंगराडे ने बताया कि खातेगांव विकासखण्ड की सेवा सहकारी संस्था मर्यादित कांकरिया में पदस्थ सर्वेयर मोहित टेमरे द्वारा एफऐक्यू मात्रा का तय मात्रा से अधिक का सैंपल लेने पर सर्वेयर मोहित टेमरे को तत्काल कार्य से हटाया है। उल्लेखनीय है कि सेवा सहकारी संस्था मर्यादित कांकरिया में पदस्थ सर्वेयर मोहित टेमरे का एफऐक्यू मात्रा का तय मात्रा से अधिक का सैंपल लेने संबंधी वीडियों संज्ञान में आने पर कार्यवाही की गई।

### भोपाल निवासी अपराधी पर लूट सहित हत्या जैसे कई अपराध हैं दर्ज

# हार्डकोर क्रिमिनल साइकोलॉजी वाले आदतन अपराधी को पुलिस ने दबोचा

आरोपी ने भोपाल और विदिशा के साथ प्रदेश के कई शहरों में दिया लूट की घटना को अंजाम, लोटिया पर झांसी पुलिस ने की थी 307 दर्ज।




हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

शहर की पाश कालोनी में बीते दिनों दिन दहाड़े हुई चेन स्नेचिंग की घटना का कोतवाली पुलिस ने मंगलवार को प्रेस कांफ्रेंस कर पर्दा फाश किया। जानकारी अनुसार 17 मार्च 24 को मोतीबंगला देवास की रहने वाली रिटायर्ड स्कूल टीचर उमा भारती पितारामचन्द्र भारती के साथ चेन स्नेचिंग की घटना घटित हुई थी। कोतवाली पुलिस ने उक्त घटना को गम्भीरता से लेते हुए जांच शुरु की और लगभग 15 दिन बाद आरोपी को पकडऩे में सफलता प्राप्त की। एसपी सम्पत उपाध्याय ने प्रेस वार्ता आयोजित कर उक्त घटना का खुलासा किया।

फरियादी ने जानकारी देते हुए बताया कि में जब अपने घर के सामने सब्जी के ठेले पर से सब्जी खरीद रही थी उसी समय बिना नंबर की एक काले रंग की मोटर साईकिल पर सवार मुँह पर केसरिया रंग के गमछे पहने एक व्यक्ति ने मेरी सोने की चेन झपट ली। फरियादी की रिपोर्ट पर थाना कोतवाली पर अपराध पंजीबद्व कर जांच में लिया गया। प्रकरण को गंभीरता से लेते हुए पुलिस अधीक्षक देवास सम्पत उपाध्याय के निर्देशन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक जयवीर सिंह भदौरिया एवं नगर पुलसि अधीक्षक दीशेष अग्रवाल के मार्गदर्शन में एक विशेष पुलिस टीम गठित की गई। थाना प्रभारी कोतवाली दीपक सिंह यादव एवं थाना कोतवाली टीम द्वारा शहर देवास से बाहर जाने वाले रास्ते एवं टोल के सीसीटीव्ही फूटेज चैक किए गए, जिसमें इन्दौर भोपाल के हाइवे पर फरियादी द्वारा बताए हुलिये का व्यक्ति पल्सर के साथ दिखा। करीबन 750 सीसीटीव्ही फूटेज को चैक करने के बाद शातिर चैन स्नेचर फिरोज उर्फ लोटीया पिता शफीक खान उम 42 साल निवासी मकान नं. 264 गलीनं. 03 सलीम चोक काजी केम्प भोपाल के रूप में शातिर आरोपी की पहचान हुई। आरोपी को गिरफ्तार कर पास से घटना में पल्सर बाईक, एक किपेड मोबाईल व सोने की चैन जब्त की गई, जिसकी कुल कीमत करीब 2 लाख रुपये है। आरोपी ने पूछताछ में बताया कि दिनांक 20 मार्च को जिला सागर के मकरोनिया थाना क्षेत्र से एक महिला के गले से सोने की चैन और 22 मार्च को जिला विदिशा के गंजबासौदा थाना क्षेत्र से एक महिला के गले से सोने की चैन को लूट करना स्वीकार किया। उक्त आरोपी का आपराधिक रिकार्ड देखते आरोपी के विरुद्ध मध्यप्रदेश के विभिन्न के थानो तथा उत्तरप्रदेश के झांसी शहर सहित करीब 31 आपराधिक प्रकरण लूट व अन्य गंभीर धाराओ के दर्ज है। जब्तशुदा सामग्री में आरोपी के पास से सोने की चेन, पल्सर बाईक सहित करीब 2 लाख रुपये का माल जब्त किया गया है।

#### इनका रहा सरहानीय कार्य

उक्त सराहनीय कार्य में थाना प्रभारी थाना कोतवाली दीपक सिंह यादव, उनि सचिन सोनगरा, प्र.आर मनोज पटेल, प्र.आर रवि गरोडा, प्र.आर सुनील देथलिया, प्र.आर हेमंत डाबी, प्र.आर जितेन्द्र पटेल, आरक्षक नवीन देथलिया, मनीष देथलिया का सराहनीय योगदान रहा।



#### शहर की कई कालोनी की रैकी की

टी दीपक यादव ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी फिरोज लोटिया ने शहर की कई कॉलोनी में रैकी की थी। अन्य कॉलोनीयो में भी इसी तरह चेन लूटने की वारदात को अंजाम देना चाहता था। पुलिस द्वारा खंगाले गए सीसीटीवी कैमरे में लोटिया शहर की कई कालोनियों में रैकी करता पाया गया, लेकिन पुलिस की सक्रियता के चलते अन्य कालोनियों में लूट की घटना को अंजाम नहीं दे पाया।

# शराब दुकान का रहवासियों ने जमकर किया विरोध

**महिलाओं ने दूकान में की तालाबंदी**



हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास



मंगलवार को शहर के रहवासी क्षेत्र मल्हार रोड़ स्थित तोड़ी पर खुली नई शराब की दुकान का रहवासियों ने जमकर विरोध किया। रहवासियों का कहना है कि यहां पर धार्मिक क्षेत्र और शैक्षणिक संस्थाएं हैं, जिससे महिलाओं और बच्चों को काफी परेशानी होगी। पिछले दिनों शराब दुकान खुलने को लेकर रहवासियों ने कलेक्टर कार्यालय में आवेदन देकर मांग की थी कि यहां पर शराब की दुकान नही खुलनी चाहिए। वहीं जिस मकान के नीचे दुकान खुल रही थी उसके मालिक ने बताया कि उसने किराए पर दुकान शराब ठेकेदार को दी हैं। रहवासियों के विरोध को देख दुकान मालिक ने भी विरोध जताया। दरअसल मल्हार रोड़ स्थित तोड़ी क्षेत्र वार्ड क्रमांक 42 गंगा पार्क कॉलोनी के सामने मंगलवार को एक नई शराब की दुकान खुल गई। दुकान में ग्वालियर से दो लोग काम करने के लिए आए हुए थे, दुकान के अंदर शराब की पेटियों को जमाने का कार्य कर रहे थे इसी दौरान रहवासी बड़ी संख्या में पहुंचे और दुकान पर हंगामा कर दुकान को बंद कराया। उसके बाद महिलाओं ने ताला लगा दिया। रहवासियों ने बताया कि यहां पास ही खाली स्थान पर धार्मिक कार्यक्रम होते रहते हैं, आने वाले दिनों यहां पर हवन पूजन भी होना है। यहां पर शैक्षणिक संस्थाएं भी है जिससे यहां आ रहे बच्चों को परेशानियां होती है। मंगलवार से यहां पर शराब की दुकान शुरु होने वाली थी, लेकिन हमने इसे बंद कर दिया है। क्षेत्र की महिलाओं ने बताया कि इससे पहले भी यहां पर एक शराब की दुकान थी जिसे बंद कर दिया गया था। उसके बाद अब यहां नई दुकान खुलने वाली थी जिस पर हमने तालाबंदी कर विरोध किया है। पास ही मस्जिद भी है क्षेत्र की मुस्लिम महिलाओं ने भी दुकान खुलने को लेकर विरोध जताया। मामले को लेकर कलेक्टर ने कहा कि नियमानुसार ही दूकान लगाई जाएगी। शासन द्वारा तय पॉलिसी के अनुसार ही बिना नियमों का वायलेशन कर दुकान का संचालन किया जाएगा, जिस क्षेत्र में कॉन्ट्रेक्ट दिया गया हैं उसी क्षेत्र में नियम अनुरूप दुकान लगाई जाएगी।

### नवरात्रि पर्व की तैयारियों के संबंध में बैठक 4 को

देवास। जिले में चैत्र नवरात्रि पर्व 09 अप्रैल से मनाया जाएगा। नवरात्रि पर्व की तैयारियों, दर्शनार्थियों के लिए आवश्यक सुरक्षा व्यवस्था के संबंध में कलेक्टर ऋषव गुप्ता की अध्यक्षता में बैठक टेकरी पर मॉ चामुण्डा शासकीय देवस्थान प्रबंध समिति कार्यालय में 04 अप्रैल को सुबह 11 बजे आयोजित होगी। सचिव मॉ चामुण्डा शासकीय देवस्थान प्रबंध समिति ने सभी संबंधितों से बैठक में उपस्थित रहने के लिए कहा है।

### दामोदर वंशीय जूना गुजराती दर्जी समाज की महिलाओं ने मनाया फाग उत्सव



देवास। दामोदर वंशीय जूना गुजराती दर्जी समाज की महिलाओं द्वारा मोती बंगले में स्थित टेकचंदजी धर्मशाला में फॉग उत्सव का कार्यक्रम आयोजित किया गया।समाज की पूर्व ट्रस्टी नीतू जाधव ने बताया कि प्रतिवर्ष शीतला सप्तमी के दिन दर्जी समाज की महिला मंडल द्वारा फाग उत्सव का आयोजन किया जाता है। कार्यक्रम में सांवरिया भजन मंडली द्वारा भजन एवं होली के गीत आज बिरज में होली रे रसिया ,रंग मत डारे रे सवारियां आदि की शानदार प्रस्तुति दी गई जिस पर महिलाओं द्वारा नृत्य करके जमकर रंग गुलाल एवं फूलों से होली खेली । राधा कृष्ण के रूप में करीना चौहान एवं रिया चौहान द्वारा सुंदर प्रस्तुति दी। कार्यक्रम में मुख्य रूप से रचना मेहता, उषा सोलंकी, सुनीता कोठारी, संतोष परमार, हीरामणि सोलंकी, प्रेमा मेहता, किरण मेहता, सुरभि मेहता, हेमलता चौहान, प्रिया, पूजा, श्वेता, आदि महिलाएं उपस्थित रही। कार्यक्रम के अंत मे शशि मेहता द्वारा आभार व्यक्त किया गया।

# माता टेकरी पर धुनी मार्ग पर लगी आग

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास



माता टेकरी पर मंगलवार को धूनी मार्ग के समीप झाड़ियों में आग लग गई। सूचना के बाद मौके पर नगर निगम की फायर ब्रिगेड और प्रशासनिक अधिकारी पहुंचे। करीब चार घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। हवा चलने के कारण आग पर काबू पाने में काफी समस्या आई। फायर बिग्रेड की टीम के साथ ही तहसीलदार रवि शर्मा भी अपनी टीम के साथ पहुँचे। इस दौरान तहसीदार शर्मा आग बुझाने अपनी टीम के साथ कंधे पर फायर एक्सटिंगुशर लेकर दुर्गम झाड़ियों के बीच होते हुए पहाड़ी पर पहुँचे और दमकल कर्मियों और अपने सहयोगियों के साथ आग पर काबू पाने में सफल हुए। दुर्गम झाड़िया और पहाड़ी रास्ता होने के कारण दमकल पहाड़ी पर नही पहुँच पाई थी जिस कारण आग बुझाने में काफी कठिनाई आई।फायर टेक्नीशियन अनुभव चंदेल ने बताया कि नगर निगम की दो फायर ब्रिगेड, सीआईएसएफ का 1 फायर टैंकर और टेकरी पर मौजूद फायर सिलेंडर से आग पर काबू पाया गया।

# गौ सेवकों की आशंका शहर में गौ तस्करी



हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

शहर के शिव शक्ति ग्राउंड पर मंगलवार सुबह गौ तस्करी की आशंका के चलते पुलिस को सूचना दी गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने पड़ताल की तो यहां खून नजर आया। आसपास के लोगों ने गौ सेवकों को सूचना दी, जिसके बाद पुलिस ने पड़ताल शुरू की। मामले में गौ सेवक जीतू रघुवंशी ने बताया कि यहां पर एक गाय हैं जो काफी चिल्ला रही थी और उसके आसपास ब्लड भी पड़ा हुआ है। हमें शंका है कि गाय के बछड़े को निशाना बनाया गया है। लोगों ने गौ तस्करी की आशंका जाहिर की।गौसेवक जीतू रघुवंशी ने इस मामले को लेकर कड़ी कार्रवाई की मांग की है। पुलिस द्वारा मौके पर की गई जांच पड़ताल में फिलहाल कुछ भी स्पष्ट नहीं हो पाया है। पुलिस ने ब्लड सेंपल जांच के लिए भेजने की बात कही है।

# मतदाताओं को जागरुक करने निकाली रैली

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास




लोकसभा निर्वाचन 2024 स्वीप गतिविधि के अंतर्गत मतदाताओं को अपने मताधिकार का अधिक से अधिक उपयोग करने के लिये मतदाता जागरूकता अभियान अंतर्गत नगर निगम परिसर से निगम अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा आयुक्त रजनीश कसेरा के निर्देशन में बाईक रैली का आयोजन 2 अप्रैल मंगलवार को सायं 6 बजे किया गया। मतदाताओं को जागरुक करने एवं अपने मताधिकार का उपयोग करने के उद्देश्य को लेकर बाईक रैली निकाली गई रैली को नोडल इंदूप्रभा भारती ने हरी झंडी दिखा कर रवाना किया। बाइक रैली शहर के प्रमुख मार्गों से होती हुई मल्हार स्मृति आडिटोरियम में सम्पन्न हुई। रैली में स्वीप गतिविधि नोडल इंदूप्रभा भारती, सहायक नोडल जगदीश वर्मा, सहायक यंत्री सौरभ त्रिपाठी, स्वास्थ अधिकारी जितेन्द्र सिसौदिया, कार्यालय अधीक्षक अशोक उपाध्याय,लेखा अधिकारी दिलीप गर्ग, उपयंत्री विजय जाधव, श्यामसुंदर रघुवंशी, राजेश कौशल, अनिता ठाकुर, विजयता पन्दे, विमलेश सिंह, भूमिका सिंह, करुण दसोरिया, हरेन्द्र सिंह ठाकुर, हेमन्त उबनारे, अरुण तोमर, विशाल जोशी, विशाल जगताब, भोला सिंह जादौन, ताराचन्द चौधरी, कैलाश नायक, दिनेश मिश्रा, महेन्द्र सोनगरा, गिरजेश, निर्मल कुशवाह, संतोष जाधव, शेर सिंह सहित अधिकारी, कर्मचारी उपस्थित रहे।

# अतिक्रमण पर चला निगम का बुलडोजर

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास



वार्ड क्र. 28 नई आबादी कॉलोनी स्थित शिवशक्ति चौराहा पर नगर निगम की टीम द्वारा गली में किया गया अतिक्रमण हटाया गया। भवम स्वामी कामरान खान, इमरान खान और परवेज खान पिता मन्नान खान के द्वारा गली में मकान निर्माण के साथ अतिक्रमण कर लिया गया था।निर्माण के साथ कॉलोनी से निकलने वाली गली में पक्का अवैध निर्माण कर लिया गया था जिसे नगर निगम की टीम द्वारा अपने संसाधनों से कार्यवाही कर न्यायालय के आदेश पर नगर निगम की टीम द्वारा कार्यवाही कर अतिक्रमण हटाया गया। कार्रवाई के निगम अमले के साथ पुलिस बल तैनात रहा। निगम की अस्सिटेंट इंजीनियर इंदू प्रभा भारती ने बताया कि हाई कोर्ट के आदेश पर अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की गई है। आदेश के अनुसार अतिरिक्त 32 स्क्वायर मीटर का किया गया निर्माण हटाने के आदेश थे।कार्रवाई के दौरान निगम इंजीनियर हनफ़ी, दिलीप जाधव सहित निगम अमला मौजूद था। कार्यवाही में निगम सहायक यंत्री इंदूप्रभा भारती, उपयंत्री विजय जाधव, भूमिका जैन, अनिता ठाकुर, विमलेश सिंह, विजयता पन्दे सहित अतिक्रमण दस्ता उपस्थित रहा।

**आयुष्मान कार्ड नहीं होने से अमलतास अस्पताल प्रबंधन ने किया मुफ्त इलाज**

# बालिका की आंख से निकाली डेढ़ किलो की गठान

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास



अमलतास अस्पताल के सर्जन ने जटिल सर्जरी कर पांच वर्षीय बालिका की आंख से एक बड़ी गठान निकालने में सफलता हासिल की है। बालिका के परिजन लंबे समय से इलाज के लिए भटक रहे थे और कई बड़े-बड़े अस्पतालों में भी गए, लेकिन उन्हें निराशा ही हाथ लगी थी। अमलतास अस्पताल प्रबंधन ने बालिका के परिवार की कमजोर वित्तीय स्थिति को देखते हुए मुफ्त इलाज किया।जानकारी के अनुसार नेमावर की इस बालिका की आंख में तीन साल से गठान थी। बालिका के परिजन उसे देश के तमाम बड़े शहरों इंदौर, अहमदाबाद सहित अन्य शहरों में इलाज के लिए ले गए। दिखाने के दौरान परिजन आर्थिक स्थिति के साथ-साथ ऑपरेशन में जान का खतरा होने की वजह से इलाज नहीं करवा पा रहे थे। संयोग से बालिका के पिता को किसी परिचित ने अमलतास अस्पताल ले जाने के लिए कहा। सभी ओर से निराश परिजनों को अमलतास अस्पताल में उम्मीद की किरण नजर आई। यहां प्लास्टिक सर्जन ने चेकअप किया और बताया कि गठान को निकालकर प्लास्टिक सर्जरी से आई सॉकेट रि-कन्सट्रक्शन करना होगा। इससे भविष्य में बालिका को कृत्रिम आँख लगाई जा सकेगी। परिजनों की सहमति के बाद प्लास्टिक सर्जन डॉ. राहुल यादव व असिस्टेंट डॉ. राजपालसिंह, एनेस्थेटिक डॉ. प्रिया पाटीदार, डॉ. शिखा जैन की टीम ने 1.5 किलो वजनी गठान निकालकर जटिल ऑपरेशन सफलतापूर्वक किया। मरीज का आयुष्मान कार्ड नहीं होने एवं पिता की वित्तीय स्थिति कमजोर होने से अमलतास अस्पताल के चेयरमैन मयंकराजसिंह भदौरिया ने मरीज का मुफ्त इलाज करवाने में सहयता प्रदान की। परिजनों ने अस्पताल प्रबंधन का आभार मानते हुए कहा कि अमलतास मेडिकल कॉलेज चिकित्सा सेवा तथा आर्थिक सेवा की दृष्टि से गरीबों के इलाज के लिए वरदान बना हुआ है। हम सभी ओर से निराश थे। बेटी को इलाज मिला है और अब वह तेजी से स्वस्थ्य हो रही है।

# 80 टीमें लेंगी हिस्सा, ओपन टेनिस बॉल क्रिकेट टूर्नामेंट का शुभारंभ



हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

जय कृपानिधि क्रिकेट क्लब बिजेपुर द्वारा ओपन टेनिस बॉल क्रिकेट टूर्नामेंट का 2 अप्रैल, मंगलवार को शुभारंभ हुआ। आयोजक जितेन्द्र सिंह गोहिल ने बताया कि स्वर्गीय मदनसिंह गोहिल की स्मृति में जय कृपानिधि फार्म हाऊस में होने वाले क्रिकेट टुर्नामेंट में कुल 80 टीमें भाग लेगी। टूर्नामेंट में प्रवेश शुल्क 1000 रूपए तय किया गया है।

प्रथम विजेता टीम को 20,000 रूपए व ट्राफी एवं द्वितीय पुरूस्कार 10 हजार रूपए दिए जायेंगे। प्रत्येक मैच के मैन ऑफ द मैच खिलाड़ी को 501, मैन ऑफ द सीरिज खिलाड़ी को 501 एवं बेस्ट बॉलर ऑफ टूर्नामेंट खिलाड़ी को 501 रूपए देकर पुरूस्कृत किया जाएगा। टूर्नामेंट में देवास जिले सहित अन्य जिलों के शहर व कस्बों से टीमें हिस्सा लेगी। टूर्नामेंट में एंट्री अभी चालू है। टूर्नामेंट में प्रत्येक मैंच 6 ओवर के होंगे। वहीं फाइनल मैच 12 ओवर का होगा।

खबर संक्षेप

## प्रवेशोत्सव के साथ नए शिक्षा सत्र की शुरुआत



**सीहोर।** शहर के शासकीय सीएम राइज मनुबेन उमा वि मंडी में प्रवेश उत्सव के दौरान पालकगण व छात्र छात्राएं अधिक संख्या में मौजूद रहे। छात्रों का विद्यालय में प्रवेश स्कूल चले हम की धुन पर हुआ समस्त छाओं व पालकों का तिलक लगाकर फूल मालाओं से स्वागत किया गया। जिला शिक्षा अधिकारी संजय सिंह तोमर उपस्थित हुए। छात्रों व पालकों को विद्यालय की विशेषता व विगत वर्ष की उपलब्धियां से संस्था प्राचार्य दीप सिंह राठौर ने अवगत कराया इस अवसर पर समस्त स्टाफ उपस्थित रहा।

## अंडर-16 विधायक क्रिकेट ट्रॉफी का शुभारंभ

**सीहोर।** शहर के बीएसआई मैदान पर जिला क्रिकेट एसोसिएशन के अध्यक्ष विधायक सुदेश राय के मार्गदर्शन में सोमवार से आरंभ हुई अंडर-16 विधायक क्रिकेट ट्राफी का शुभारंभ मैच सीहोर की पीपीसीए और भोपाल की टीम के मध्य खेला गया। इस एक तरफा मैच में शहर के प्रतिभाशाली गेंदबाज लक्की प्रजापति की आठ ओवर में मात्र 13 रन देकर तीन विकेट और विस्फोटक बल्लेबाज अराव मसीह की 67 गेंद पर 57 रन की अर्दशतकीय पारी की मदद से पीपीसीए ने अपना पहला मैच 65 रन के विशाल अंतर से जीता है। सोमवार को शुभारंभ मैच पहले बल्लेबाजी करते हुए 40 ओवर में पीपीसीए सीहोर ने दस विकेट खोकर 198 रन बनाए थे। इसमें सलामी बल्लेबाज अराव मसीह ने 67 गेंद पर 57 रन, अंशु सोनी ने 15 गेंद पर 11 रन, लक्की प्रजापति ने 46 गेंद पर 28 रन, नैतिक जैन ने 22 गेंद पर 20 रन और दीपेश सेन ने 23 गेंद पर 22 रन की पारी खेली थी। इधर आरसीसी की ओर से गेंदबाजी करते हुए वरदान ने 7.3 ओवर में 42 रन देकर दो विकेट, विनित ने आठ ओवर में 29 रन देकर पांच विकेट, आयुष सेन, फेद खान, सोलोमन ने एक-एक विकेट हासिल किया था।

### मरीजों को निजी केन्द्रों पर कराना पड़ रही सोनोग्राफी

# ये तो हद हो गई...जिला अस्पताल में नहीं रेडियोलॉजिस्ट, मरीज परेशान



हरिभूमि न्यूज ▶▶ सीहोर

देखो सरकार, सीएस (सिविल सर्जन) की चौखट पे यह महिलाएं सोनाग्राफी के लिए गुहार लगा रही है। महिलाओं का कहना है कि हमारी सोनोग्राफी क्यों नहीं हो रही। हम विकास पथ पर बढ़ रहे हैं, लेकिन अपने जिला अस्पताल में सालों से रेडियोलॉजिस्ट की स्थायी व्यवस्था नहीं कर पा रहे हैं। बाहर के सोनोग्राफी सेंटर से बुलाये रेडियोलॉजिस्ट सोनोग्राफी कर सकते हैं, लेकिन वह भी कुछ समय के लिए अस्पताल में आते हैं। नतीजतन कई महिलाएं सोनोग्राफी कराने से वंचित रह जाती हैं। मंगलवार को अनेक महिलाओं ने अपनी समस्या लेकर सिविल सर्जन के समक्ष पहुंचीं, लेकिन उन्होंने भी व्यवस्था करते हैं का आश्वासन देकर लौटा दिया।



जिला अस्पताल में सोनोग्राफी सेंटर नाम का है। यहां रेडियोलाजिस्ट का पद सालों से खाली है। इसके कारण मरीजों को परेशानियां हो रही है। सोनोग्राफी के लिये मरीजों को निजी अस्पताल या निजी लेबों पर जाना पड़ रहा है। हालांकि खानापूर्ति के लिए जिला अस्पताल में कुछ देर के लिए रेडियोलाजिस्ट बुला लिया जाता है, जो कुछ लोगों की सोनोग्राफी करके चला जाता है। इसके चलते आए दिन महिलाएं अस्पताल में चक्कर काटती हैं। अस्पताल में सोनोग्राफी नहीं होने पर मजबूरी में बाहर से निजी केन्द्रों पर सोनोग्राफी कराती हैं। पीड़ित महिला अनिता बाई ने कहा कि जिला अस्पताल में रेडियोलाजिस्ट न होने की वजह से सोनोग्राफी नहीं हो पा रही है। इस वजह से गर्भवती महिलाएं एवं पेट संबंधी रोगों से ग्रसित मरीजों को 800 से 900 रुपये खर्च कर प्राइवेट सेंटर पर जांच करानी पड़ रही है।

### लाखों की मशीन किस काम की

जिला अस्पताल में अव्यवस्था का आलम बना हुआ है। गर्भवती महिलाओं की जांच के लिए लाखों रुपये की लागत से खरीदी गई सोनोग्राफी मशीन का कोई उपयोग नहीं हो पा रहा है। जिसके कारण दूर दराज से सोनोग्राफी कराने पहुंच रही महिलाओं को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा था। ऐसा नहीं कि सोनोग्राफी केवल गर्भवती महिलाओं का किया जाता है। पेट संबंधित रोग, छोटे बच्चों का भी सोनोग्राफी होता है, लेकिन इन रोगों से संबंधित बीमारी का इलाज बिना सोनोग्राफी के संभव नहीं होता है। इस स्थिति में डाक्टर द्वारा मरीज को निजी क्लिनिक भेज दिया जाता है।

### बच्चों का तिलक लगाकर किया स्वागत

# ग्राम मुस्करा के शासकीय हायर सेकंडरी स्कूल में मनाया गया प्रवेश उत्सव



हरिभूमि न्यूज ▶▶ सीहोर

नवीन शैक्षणिक वर्ष 2024-25 के प्रारंभ होने पर सोमवार को शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मुस्करा में प्रवेश उत्सव मनाया गया। शाला की प्राचार्य नीलोफर नासिर के मार्गदर्शन में शाला में प्रवेश उत्सव का आयोजन किया गया । सर्वप्रथम मां सरस्वती की पूजन अर्चन कर नवीन बच्चों को तिलक लगाकर व माला पहनाकर स्वागत किया गया।

शाला के शिक्षक व बच्चों द्वारा ढोल के साथ रैली निकाली गई व घर-घर जाकर शासकीय विद्यालय में प्रवेश हेतु आग्रह किया गया। तदोपरांत बच्चों को पुस्तकें व मिठाइयों का वितरण किया गया। साथ ही बच्चों को प्रेरित किया गया कि वह अपने छोटे भाई बहन का प्रवेश शासकीय विद्यालय में ही करवाएं ताकि शासन द्वारा प्रदत्त सुविधाएं निशुल्क गणवेश , मध्यान भोजन , साईकिल, किताबें व निःशुल्क उच्च गुणवत्ता शिक्षा का लाभ उन्हें मिल सके। विद्यालय के वरिष्ठ शिक्षक प्रवेश उत्सव आयोजन प्रभारी व परीक्षा प्रभारी श्री डी. एल. मांडेकर द्वारा सभी बच्चों को मार्गदर्शन एवं शुभकामनाएं प्रेषित की गई। इस अवसर पर विद्यालय के शिक्षक वी.पी.मालवीय, लक्ष्मणसिंह साकलिया, हरिओम विश्वकर्मा, शंकरलाल बकोरिया, विनीत कौशल, भगवत वर्मा, नरेंद्र नामदेव, अरविंद पटेल, अतुल वर्मा, अभिषेक सूर्यवंशी, अंजु जावरिया, ललिता विश्वकर्मा, प्रमिला ठाकुर, अर्जुन कलेसरिया, दिनेश दांगी, अंकित श्रीवास्तव सहित विद्यालय के समस्त शिक्षक-शिक्षिकाओं ने सभी बच्चों के उज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी।

## चना मसूर खरीदी केंद्र का हुआ शुभारंभ



**श्यामपुर।** श्यामपुर तहसील के चने मसूर खरीदी समर्थन मूल्य पर खरीदी हुई प्रारंभ। एमपीडबलएलसी वेयर हाउस श्यामपुर में विधिवध रूप से पूजा पाठ कर किसान को साफा बांध कर किया शुभारंभ। चने का समर्थन मूल्य 5440 और मसूर का समर्थन मूल्य 6425 निधारित किया गया है। शुभारंभ में मुख्य रूप से समिति प्रबन्धक दीपक सिंह संतोष पाटीदार, सहायक महेश जाट, गोविंद सिंह, भंवर लाल पाटिल, महेश ठाकुर, मोसम खान, उपस्थित रहे।

## मॉडल स्कूल में प्रवेशोत्सव का किया गया आयोजन

**आष्टा।** शासकीय मॉडल उमावि आष्टा में प्रवेश उत्सव का आयोजन किया गया। कार्यक्रम अनुविभागीय अधिकारी राजस्व आष्टा स्वाति मिश्रा मैडम की उपस्थिति में संपन्न हुआ। प्राचार्य सी एल पेठारी द्वारा अतिथि का पुष्प गुच्छ से स्वागत किया गया एवं विद्यालय की संक्षिप्त जानकारी से अवगत कराया गया। कार्यक्रम में



अनुविभागीय अधिकारी द्वारा छात्र छात्राओं को अपना लक्ष्य निर्धारित कर गंभीरता पूर्वक अभी से ही अध्ययन करने, आंतरिक अनुशासन बनाए रखने, मन पर नियंत्रण रखने, व्यवहार में सदाचार अपनाने एवं आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई तथा नव प्रवेशित छात्रों को पुष्प माला पहनाकर पाठ्यपुस्तके वितरित की गई। इस अवसर पर विद्यालय का स्टाफ व छात्र छात्राएं उपस्थित रहे।

# वैष्णव बैरागी समाज की कार्यकारणी का गठन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ आष्टा



श्री वैष्णव बैरागी समाज की कोर कमेटी के अनुरूप समिति गठित की गई थी। श्री वैष्णव बैरागी समाज विकास समिति आष्टा जो की पंजीकृत समिति है जिसका पंजीयन क्रमांक 33729/18 उक्त समिति गठित करने से पूर्व दिनांक 11 फरवरी को लालबाई फूलबाई मंदिर आष्टा में भौरा मंडल समिति की बैठक आयोजित की गई थी। उक्त बैठक में 48 ग्राम के सभी सम्माननीय सदस्य गण मौजूद रहे। उनकी उपस्थिति में भौरा मंडल समिति के अध्यक्ष पद पर रामदास बैरागी जसमत व पुजारी संघ के अध्यक्ष संतोष बैरागी पिपलिया को चुना गया था।

उक्त भौरा मंडल समिति का वैष्णव बैरागी विकास समिति में विलीकरण 13 मार्च को ग्राम जसमत में श्री राम मंदिर में एक बैठक महंत सिद्धू दास बैरागी, रमेश बैरागी भौरा राकेश संयोजक की अध्यक्षता में आयोजित कर समिति का निर्वाचन किया गया। उक्त बैठक में भौरा मंडल समिति के अध्यक्ष राम दास बैरागी को तहसील अध्यक्ष तथा रामानंदी जयंती आगामी सत्र हेतु अध्यक्ष कमल बैरागी आष्टा व पुजारी संघ का अध्यक्ष संतोष बैरागी को, नगर अध्यक्ष दुर्गादास बैरागी आष्टा, महिला प्रकोष्ठ तहसील अध्यक्ष जूली वैष्णव आष्टा को मनोनित किया गया था। उक्त अध्यक्ष द्वारा अपनी कार्यकारिणी का गठन विधिवत किया गया।

# न्यायाधीशों के स्थानांतरण पर विदाई समारोह संपन्न






हरिभूमि न्यूज ▶▶ आष्टा

गोकुलधाम गार्डन में अभिभाषक संघ आष्टा द्वारा जिला न्यायाधीश सुरेश कुमार चौबे, जिला न्यायाधीश कंचन सक्सेना व न्यायिक मजिस्ट्रेट आयुषी गुप्ता उपाध्याय के स्थानांतरण आष्टा से होने पर विदाई समारोह का आयोजन किया गया। आयोजित समारोह में सर्वप्रथम अभिभाषक संघ आष्टा के अध्यक्ष कृपाल सिंह ठाकुर द्वारा सभी स्थानांतरित मजिस्ट्रेटों का साफा बांध कर पुष्प हार से व पुष्प गुच्छ, प्रतीक चिन्ह भेंट कर स्वागत, सम्मान किया गया। स्वागत सम्मान के पश्चात स्नेह भोज का आयोजन हुआ। इस अवसर पर न्यायिक मजिस्ट्रेट रिजवी साहब, ऋचा जैन, वंदना त्रिपाठी, वरिष्ठ अधिवक्ता राजमल धारवा, बी एस ठाकुर, प्रहलाद सिंह वर्मा, नगिन चन्द्र जैन, राधाकृष्ण धारवा, महादेव प्रसाद शुक्ला, दिनेश भुतीया, काती लाल जोशी, भूपेंद्र सिंह राणा, अजब सिंह ठाकुर, महेंद्र भूतिया, अजब सिंह दरबार, विक्रम वर्मा, निलेश कुमार शर्मा, जितेंद्र दुबे, कुलदीप सिंह ठाकुर, रविंद्र सिंह ठाकुर, योगेंद्र सिंह ठाकुर, सिताराम परमार, सुधीर जोशी, नरेंद्र जोशी, जयप्रकाश शर्मा सहित अभिभाषक संघ के सदस्य गण उपस्थित रहे कार्यक्रम के अंत में अभिभाषक संघ के सचिव कुलदीप शर्मा ने सभी का आभार व्यक्त किया।

### शीतला सप्तमी पर महिलाओं ने विधि-विधान से की माता शीतला की पूजा-अर्चना

# मंदिरों में महिलाओं की लगी भीड़, बासी भोजन का लगाया भोग





हरिभूमि न्यूज ▶▶ आष्टा/जावर

शहर में सोमवार को शीतला सप्तमी का पर्व मनाया गया। इस दौरान महिलाओं ने शीतला माता मंदिर पहुंचकर माता की विधि विधान से पूजा अर्चना की और सुख समृद्धि की कामना की। शहर के सिकंदर बाजार स्थित शीतला माता, मंदिर बजरंग कॉलोनी स्थित शीतला माता मंदिर, कन्नौद रोड स्थित माता मंदिर में सुबह 4 बजे से महिलाओं की भीड़ देखी गई। पूजा अर्चना का दौर सुबह 4 बजे से 10 तक चलता रहा। इस दौरान बासी पकवान का माता को भोग लगाया गया और घर में सुख समृद्धि की कामना की गई। ज्योतिषचार्य पंडित अमित तिवारी ने बताया है कि इस दिन खाना नहीं बनता है। मां शीतला को ताजा भोजन का बिल्कुल भी भोग न लगाएं, बल्कि शीतला सप्तमी के दिन बनाए गए भोजन का ही सेवन करे। शीतला अष्टमी के दिन भी घर में झाड़ू लगाने की मनाही होती है। 1अप्रैल को शीतला सप्तमी, 2 अप्रैल को बसौड़ा पर्व मनाया जाएगा। यह होली के सात दिन बाद मनाया जाता है और इसमें शीतला माता की पूजा की जाती है। पूजा की थाली में दही, पुआ, रोटी, बाजरा, सप्तमी को बने मीठे चावल, नमक पारे और मठरी रखें।दूसरी थाली में आटे से बना दीपक, रोली, वस्त्र, अक्षत, हल्दी, मोली, होली वाली बड़कुले की माला, सिक्के और मेहंदी रखें।

## शीतला सप्तमी की पूजा-अर्चना

**जावर।** नगर व ग्रामीण क्षेत्रों में मां शीतला माता मंदिर में सुबह 4 बजे रात से ही महिलाओं की भारी भीड़ के साथ मां शीतला की पुजा अर्चना की गई । इसका महत्व रविवार छठ एक दिन पहले ही शाम को ठन्डा शीला बनाया गया। जिसमें हर तरह के पकवान बनाए जाते हैं। इस पुरानी परंपरा के अनुसार पांच या सात घरों से आटा एक दुसरे के घरों से लाया जाता है। उसका ही ठंडा शीला बना कर सप्तमी के रोज मां शीतला की पुजा अर्चना की जाती है महिलाओं का यह महत्वपूर्ण त्यौहार है। क्योंकि सप्तमी के रोज घरों में चूल्हा नहीं जलाया जाता है। व रोटी का तवा भी नहीं रखा जाता है। यह महिलाओं का त्योहार घर की शांति समृद्धि और घर की सुख शांति के लिए पुजा अर्चना कर घर पर ठंडा भोजन प्रसादी ग्रहण की जाती है। उसी रोज चुल्हे पर आम का पौधा रख कर चुल्हे की भी पूजा की।



# स्कूलों में नवीन शिक्षा सत्र हुआ शुरू



हरिभूमि न्यूज ▶▶ खाचरोद

सोमवार को शासन के आदेश अनुसार शासकीय हाई स्कूल रोल गांव व शासकीय हाई स्कूल पगारिया हॉट में नवीन शैक्षणिक सत्र के अवसर पर विद्यालय परिवार द्वारा प्रवेश उत्सव हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। जिसमें सर्वप्रथम बच्चों को तिलक लगाकर व पुष्प माला पहनकर शिक्षकों द्वारा बच्चों का स्वागत किया गया। इसी के साथ ही बालसभा का आयोजन कर सांस्कृतिक कार्यक्रम के बाद बच्चों को विशेष भोजन करवाया गया। किताबें वितरण की गई वही दोनों संस्था के प्राचार्य द्वारा बच्चों को नवीन सत्र प्रारंभ करने व नियमित साला आने के लिए प्रेरित किया गया। इस मौके पर हाई स्कूल रोल गांव संस्था प्राचार्य महेश वर्मा, हाई स्कूल पगारिया हॉट संस्था प्राचार्य इलियास खान, शिक्षक हरि सिंह पहरवाल, कैलाश चंद्र रैकवार, भारत महेश्वरी, किरण परमार, मृणाल ,मंजरी मिश्रा, संतोष सोनी, गोलू बैरागी, राकेश सोलंकी पगारिया हॉट, शाला के शिक्षक महेश कुमार विश्वकर्मा, रणजीत सिंह मालवीय, संतोष पेरवाल, शाहिद सिद्दीकी, तेज सिंह सेन, अकीला बानो, प्रियंका सेन, चंद्रपाल भाटी, राधेश्याम नायक आदि शिक्षक उपस्थित थे।

आठवीं की परीक्षा में पेपर लीक का मामला, कुरावर के केंद्र से आउट हुआ था पर्चा

# दो जनशिक्षकों के बाद अब बीआरसी और सहायक केंद्राध्यक्ष भी सस्पेंड

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजगढ़

विगत माह कक्षा आठवीं की बोर्ड परीक्षा में इंग्लिश मीडियम के सामाजिक विज्ञान प्रश्न-पत्र के आउट होने का मामला सामने आया था। कुरावर की अशासकीय शाला आदर्श पब्लिक उमावि से लीक हुए प्रश्न पत्र के मामले में अब शिक्षा विभाग ने दूसरी बड़ी कार्रवाई की है। इस मामले में लोक शिक्षण के ज्वाइंट डायरेक्टर ने नरसिंहगढ़ के प्रभारी बीआरसी को भी तत्काल प्रभाव से सस्पेंड कर दिया गया है। वहीं इसी केंद्र की सहायक केंद्राध्यक्ष को भी जांच प्रतिवेदन के आधार पर जिला कलेक्टर ने सस्पेंड करने की कार्रवाई की है। आपको बतादें कि लापरवाही के इस गंभीर मामले में पूर्व में दो जनशिक्षकों पर भी निलंबन की गाज गिर चुकी है।

## जेडी ने जारी किया प्रभारी बीआरसी का सस्पेंन आर्डर



Bhopal Guna Bhoomi - 24 Mar 2024 - Page 4

परीक्षा की गोपनीयता भंग करने के मामले में 2 शिक्षक सस्पेंड

कुरावर पब्लिक उमावि केंद्र से हुआ था पेपर लीक

राजगढ़। विगत दिनों कुरावर के आदर्श पब्लिक उमावि परीक्षा केंद्र पर कक्षा आठवीं की बोर्ड परीक्षा में पेपर लीक होने का मामला सामने आया था। परीक्षा की गोपनीयता भंग होने के मामले को गंभीरता से लेकर कलेक्टर के निर्देशों जिला शिक्षा केंद्र द्वारा गठित जांच ने एक जनशिक्षक एवं एक माध्यमिक शिक्षक को दोषी पाया है। जांच प्रतिवेदन के आधार पर संयुक्त संचालक, लोक षिक्षण भोपाल ने दोनों शिक्षकों को तत्काल प्रभाव से सस्पेंड कर दिया है।

जानकारी के अनुसार 14 मार्च को कक्षा आठवीं का सामाजिक विज्ञान (अंग्रेजी माध्यम) का प्रश्न-पत्र था। इसी दिन यह प्रश्न-पत्र आउट हुआ। जांच में प्रश्न-पत्र के लिफाफे के साथ भी छेड़खानी होना पाई गई। चूंकि, मामला बोर्ड परीक्षा से जुड़ा हुआ था। ऐसे में कलेक्टर के निर्देशों पर जिला शिक्षा केंद्र के दल एवं नायब तहसीलदार द्वारा पूरे मामले की विस्तृत जांच करते हुए प्रतिवेदन तैयार किया गया। जांच प्रतिवेदन में पूरे मामले में जनषिक्षक राकेष जैन(माध्यमिक षिक्षक) एवं संजय जैन(माध्यमिक षिक्षक) दोनों को तत्काल प्रभाव से सस्पेंड कर दिया गया है। उल्लेखनीय है कि पेपर लीक की इस घटना को पूर्व में कुछ जिम्मेदारों ने दबाने की भी कोशिश की थी। लेकिन, जिलाधीश के तल्ख निर्देशों पर हुई जांच के बाद दोष सिद्ध होने के बाद दो शिक्षकों पर निलंबन की गाज गिरी है।


कार्यालय कलेक्टर, जिला राजगढ़ (ब्यावरा) म०प्र०

क्रमांक/शिक्षा/शिकायत/निलंबन/2024/1063 भोपाल, दिनांक 26/03/2024

आदेश

कार्यालय जिला शिक्षा केंद्र, जिला राजगढ़ का प्रस्ताव क्रमांक/परीक्षा/जांच/2024/644 राजगढ़, दिनांक 21.03.2024 द्वारा अवगत कराया गया कि अशासकीय संस्था आदर्श पब्लिक उमावि० कुरावर में दिनांक 14 मार्च 2024 को आयोजित कक्षा 8 वीं वार्षिक परीक्षा 2024 के सामाजिक विज्ञान (अंग्रेजी माध्यम) के प्रश्न पत्र की गोपनीयता भंग की शिकायत पर कार्यालय जिला शिक्षा केंद्र, जिला राजगढ़ के संयुक्त दल से जांच कराई गई।

संयुक्त जांच दल के प्रतिवेदन क्रमांक/परीक्षा/जांच/2024/643 राजगढ़, दिनांक 20.03.2024 द्वारा प्रतिवेदित किया गया कि अशासकीय संस्था आदर्श पब्लिक उमावि० कुरावर में दिनांक 14 मार्च 2024 को आयोजित कक्षा 8 वीं वार्षिक परीक्षा 2024 के सामाजिक विज्ञान (अंग्रेजी माध्यम) के प्रश्न पत्र की गोपनीयता भंग होना पाया गया। गोपनीयता भंग करने तथा परीक्षा संबंधी नियमों का पालन न करते हुए परीक्षा जैसे महत्वपूर्ण कार्य में परीक्षा केंद्र-शा०उमावि० कुरावर के सहायक केंद्राध्यक्ष श्रीमती नमिता कलमोदिया, उ०श्रे०शि०, शा०उमावि० कुरावर द्वारा लापरवाही बरतते हुए परीक्षा की विश्वनीयता को बनाये रखने में घोर लापरवाही की जाना पाया गया।

श्रीमती कलमोदिया का उक्त कृत्य म०प्र० सिविल सेवा आचरण नियम 1965 के नियम 3 के तहत कदाचरण, गंभीर लापरवाही एवं अनुशासनहीनता की श्रेणी में आता है।

अतः श्रीमती नमिता कलमोदिया, उ०श्रे०शि०, शा०उमावि० कुरावर, विकासखण्ड नरसिंहगढ को म०प्र० सिविल सेवा (वर्गीकरण, नियंत्रण तथा अपील) नियम, 1966 के उपनियम 9(1) के अंतर्गत तत्काल प्रभाव से निलंबित किया जाकर मुख्यालय कार्यालय विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी, नरसिंहगढ नियत किया जाता है। निलम्बन अवधि में संबंधित को नियमानुसार जीवन निर्वाह भत्ता की पात्रता होगी।

यह आदेश तत्काल प्रभावशील होगा।

(हर्ष दीक्षित)
कलेक्टर
जिला राजगढ

पृ. क्रमांक/शिक्षा/शिकायत/निलंबन/2024/1064 भोपाल, दिनांक 26/03/2024

प्रतिलिपि :-

1. आयुक्त महोदय, लोक शिक्षण संचालनालय, मध्यप्रदेश भोपाल।
2. संयुक्त संचालक, लोक शिक्षण भोपाल संभाग, भोपाल।
3. जिला शिक्षा अधिकारी, जिला राजगढ की ओर सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु।
4. जिला परियोजना समन्वयक, जिला शिक्षा केंद्र राजगढ।
5. विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी, नरसिंहगढ की ओर दो प्रति भेजी जा रही है, संबंधित को तत्काल तामिली कराकर पावती जिला शिक्षा अधिकारी, जिला राजगढ को उपलब्ध करावें।
6. संकुल प्राचार्य, शा०उमावि० कुरावर की ओर सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु।
7. श्रीमती नमिता कलमोदिया, उ०श्रे०शि०, शा०उमावि० कुरावर, विकासखण्ड नरसिंहगढ की ओर सूचनार्थ एवं पालनार्थ।
8. कार्यालयीन स्थापना/विधि शाखा।

कलेक्टर
जिला राजगढ

उल्लेखनीय है कि कुरावर की अशासकीय शाला आदर्श पब्लिक उमावि केंद्र पर 14 मार्च को कक्षा आठवीं की वार्षिक बोर्ड परीक्षा थी। अंग्रेजी माध्यम के सामाजिक विज्ञान का पेपर इस केंद्र से लीक हुआ जो कुछ अन्य स्कूलों तक भी पहुंचा। जांच में प्रश्न-पत्र के लिफाफे के साथ भी छेड़खानी होना पाई गई। चूंकि, मामला बोर्ड परीक्षा से जुड़ा हुआ था ऐसे में पूर्व में दो जनशिक्षकों की संलिप्तता सामने आने पर उन्हें सस्पेंड किया जा चुका है। हालिया जारी आदेश में लोक शिक्षण के ज्वाइंट डायरेक्टर ने अब नरसिंहगढ़ के प्रभारी बीआरसी एवं माध्यमिक शिक्षक रामप्रसाद पुष्पद को भी सस्पेंड कर दिया है। निलंबन अवधि में इनका मुख्यालय ब्लॉक शिक्षाधिकारी कार्यालय नरसिंहगढ़ नियत किया गया है।

### सहायक केंद्राध्यक्ष भी हुईं निलंबित

जिला शिक्षा केंद्र के संयुक्त जांच दल ने इस गंभीर मामले की जांच करते हुए अपना प्रतिवेदन कलेक्टर को भिजवाया था। इस प्रतिवेदन में उन सभी का जिक्र था जिन्होंने परीक्षा की गोपनीयता को भंग की है। जांच प्रतिवेदन में सहायक केंद्राध्यक्ष एवं उच्च श्रैणी शिक्षिका नमिता कलमोदिया को भी दोषी पाया गया। इस आधार पर कलेक्टर राजगढ़ ने श्रीमती कलमोदिया को भी सस्पेंड करने की कार्रवाई की है। निलंबन अवधि में इनका मुख्यालय बीईओ कार्यालय नरसिंहगढ़ नियत किया गया है। निलंबन अवधि में दोनों कर्मचारियों को शासन के नियमानुसार जीवन निर्वाह भत्ते की पात्रता रहेगी।

तलेन पुलिस ने की कार्रवाई, ठेकेदारों पर दर्ज हुआ मामला

# देशी-विदेशी शराब के कई पेटियों सहित 48 लाख का माल जब्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजगढ़




अवैध शराब के निर्माण, विक्रय एवं परिवहन पर पुलिस की कार्रवाई लगातार जारी है। इसी कड़ी में तलेन पुलिस ने एक स्थान पर दबिश देकर तीन बड़े वाहनों में भरकर कहीं भेजी जा रही 750 लीटर देशी, विदेशी मदिरा सहित करीब 48 लाख का माल जब्ती में लिया है। इस मामले में शराब ठेकेदार सहित चार लोगों पर आबकारी एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज करने की कार्रवाई हुई है।

### घर पहुंचकर दी पुलिस ने दबिश

पुलिस को विष्वसनीय सूत्रों से खबर मिली थी कि मूडलारेती गांव के एक घर से अवैध शराब का परिवहन किया जा रहा है। सूचना के बाद पुलिस ने घेराबंदी करते हुए जगमोहन परमार के यहां दबिश दी। इस दौरान आंगन के बाहर तीन बड़े वाहनों में देषी, अंग्रेजी शराब की अनेकों पेटियां रखी हुई मिलीं। मौके से जगमोहन परमार एवं लोकेंद्र परमार को पकड़ लिया गया वहीं महावीर भाग निकला। संपूर्ण माल को जब्त कर थाने लाकर गणना की गई। सभी किस्मों की मिलाकर कुल 798 लीटर शराब जब्त हुई है। वहीं स्कार्पियो, थार एवं मराजो कार को भी जब्ती में लिया गया है। संपूर्ण जब्त माल की कुल कीमत करीब 48 लाख रूपए है। मामले में पुलिस ने जगमोहन परमार, लोकेंद्र परमार, महावीर परमार एवं मोहन परमार पर आबकारी एक्ट के तहत एफआईआर दर्ज की है।

# प्रवेश उत्सव मनाया, तिलक लगाकर अंकसूची की वितरित




हरिभूमि न्यूज ⏭ सुठालिया

सोमवार को नगर के पीला खाल स्थित पीएमश्री शा. बालक उमावि में 1 अप्रैल से शिक्षण सत्र प्रवेश उत्सव मनाया गया। जिसमे नव प्रवेशी बच्चों का तिलक लगाकर स्वागत किया एवं छात्रों को परीक्षा परिणाम सुनाकर अंकसूचियां वितरित की गई। इसके साथ प्रवेशोत्सव के अंतर्गत स्वास्थ्य विभाग की टीम द्वारा छात्रों का ब्लड ग्रुप, हीमोग्लोबिन, सीबीसी, वजन , नेत्र की जांच की गई, जिसमें विभाग की टीम में डॉक्टर विजय सिंह, ओ. पी. पाटीदार (लैब टेक्नीशियन), काउंसलर प्रियंका यादव, एएनएम रेवती शर्मा सम्मिलित हुए कार्यक्रम की शुरुआत सरस्वती जी को माल्यार्पण के साथ हुई जिसमें प्राचार्य अशोक कुमार गुप्ता ने स्वागत भाषण दिया।

कार्यक्रम का संचालन वरिष्ठ शिक्षक मुकेश शर्मा द्वारा किया गया। कार्यक्रम मे स्टाफ राम प्रसाद शर्मा, भरत गोयल, हरि नामदेव, रामबाबू मोगिया, चैतन शर्मा, प्रहलाद सिंह राठौर एवं सभी स्टाफ एवं छात्रों ने कार्यक्रम में भाग लिया। आभार प्राचार्य अशोक कुमार गुप्ता द्वारा व्यक्त किया गया।

राज्य शिक्षा केन्द्र भोपाल के दिशा निर्देशानुसार हुआ आयोजन

## शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में मनाया गया प्रवेशोत्सव

हरिभूमि न्यूज ⏭ जीरापुर

संस्था प्राचार्य ने मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण कर किया शुभांरभ। नवीन शिक्षा सत्र 2024--2025 में प्रवेश लेने वाले कक्षा 7वी ,8वी ,10वी 12वी के छात्रों को प्राचार्य एवं शाला के समस्त स्टॉफ सदस्यो ने तिलक लगाकर पुष्पहार पहनाकर एवं मिठाई खिलाकर प्रवेश दिया गया। संस्था प्राचार्य ने कहा कि सभी छात्र नियमित रूप से विद्यालय में उपस्थित रहकर अध्ययन करे एवम विद्यालय में आयोजित होने वाली समस्त गतिविधियों में भाग लेकर विद्यालय का शिक्षा के क्षेत्र में नाम रोशन करने के लिए छात्रों को प्रेरित किया गया। विद्यालय की कक्षा 6टी, 7वीं का परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत रहा। अंत में छात्रों को भोजन कराया गया।

ग्रामीणों ने किया जगह-जगह पुष्प वर्षा से स्वागत

# खिलचीपुर अंचल में पहुंची दिग्विजय सिंह की वादा निभाओ पदयात्रा

हरिभूमि न्यूज ⏭ खिलचीपुर



मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री तथा वर्तमान कांग्रेस सांसद प्रत्याशी दिग्विजय सिंह द्वारा निकाली जा रही वादा निभाओ पदयात्रा खिलचीपुर विधानसभा क्षेत्र के ग्राम कुआं खेड़ा से प्रारंभ होकर ब्यावरा कला, गुना खेड़ी, रतनपुरिया, गाडाहेट, गूगाहेड़ा,होकर भाटखेड़ा में समापन हुआ, वादा निभाओ पदयात्रा में दिग्विजय सिंह ने अपने उद्बोधन में कहा रेलवे लाइन, कुंडलिया डैम परियोजना सहित सैकड़ों विकास कार्यों को लाने में मैंने भरपूर प्रयास किया है ओर सदैव राजगढ़ जिले वासियों का हितैषी रहा हूं।

मैंने अपने कार्यकाल में सैकड़ो शिक्षित नवयुवकों को भर्ती खोलकर रोजगार दिया है, लेकिन भाजपा शासन में लंबे समय से भर्ती नहीं खुलने से शिक्षित युवक बेरोजगार घूम रहे हैं। वही महंगाई भी चरम सीमा पर है। जिसका लोगों को अपनी दिनचर्या की पूर्ति में काफी तकलीफ झेलनी पड़ रही है। पूरे लोकसभा क्षेत्र में घर-घर पहुंच कर अपनी बात लोगों तक पहुंचा रहा हूं, ओर विनय करता हूं कि सब अपने-अपने पोलिंग बूथ पर मजबूती से डटकर कार्य करें ओर जितवाए क्योंकि पोलिंग बूथ जीताने वाला ही सफल कार्यकर्ता होता है, इस कार्यक्रम में क्षेत्रीय विधायक एवं पूर्व ऊर्जा मंत्री प्रियव्रत सिंह, पूर्व सांसद नारायण सिंह आमलावे , पूर्व विधायक राम प्रसाद दांगी, जिलाध्यक्ष प्रकाश पुरोहित, प्रेम सिंह परिहार सहित सैकड़ो की संख्या में कार्यकर्ता गण उपस्थित रहे।

कक्षा में श्रेष्ठ प्रदर्शन करने पर विद्यार्थियों को किया सम्मानित

# संस्कार एकेडमी में वार्षिक परीक्षा परिणाम किया गया घोषित

हरिभूमि न्यूज ⏭ पचोर

नगर के प्रतिष्ठित सीबीएसई आवासीय विद्यालय संस्कार एकेडमी में सोमवार को कक्षा नर्सरी से आठवीं तक का वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित किया गया। साथ ही संस्कार एकेडमी के मार्गदर्शक पंडित अश्विनी कुमार शर्मा की पुण्यतिथि पर उनका स्मरण करते हुए संस्था प्रबंधक मंडल एवं विद्यालय परिवार द्वारा भाव सुमन अर्पित कर श्रद्धांजलि दी गई।

परीक्षा परिणाम की घोषणा एवं सम्मान समारोह के अवसर पर सभी कक्षाओं में श्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले लगभग 100 विद्यार्थियों को शील्ड और सम्मान पत्र प्रदान कर पुरस्कृत किया गया। परीक्षा परिणाम घोषित करने के पूर्व विद्यालय के प्रबंधक दीपक गोयल, दिनेश गोयल, पंकज गोयल, विवेक शर्मा ने मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलित कर सम्मान समारोह का शुभारंभ किया। विद्यालय की प्राचार्या श्रीमती मनीता पोखरना द्वारा उपस्थित अभिभावक गणों के लिए स्वागत के मधुर वचन कहे। संस्था के कोऑर्डिनेटर इरशाद अहमद ने संस्था के कार्यों का लेखा-जोखा अभिभावकों के सामने रखा। विद्यालय के वरिष्ठ हिंदी शिक्षक जितेंद्र सिंह राठौड़ ने मंच संचालन करते हुए क्रमशः कक्षा नर्सरी से नवीं एवं कक्षा ग्यारहवीं के विद्यार्थियों को मंच पर उनके अभिभावक के साथ आमंत्रित किया, जिन्हें विद्यालय प्रबंधक मंडल द्वारा शिल्ड व सम्मान पत्र देकर पुरस्कृत किया गया। विदित है कि कक्षा नवीं एवं 11वीं का परीक्षा परिणाम विगत माह में घोषित कर बोर्ड कक्षा के अनुरूप उनका शिक्षण कार्य एक मार्च से प्रारंभ कर दिया गया था।

आए हुए अभिभावकों ने विद्यालय के शिक्षक एवं शिक्षिकाओं के मार्गदर्शन की सराहना करते हुए इस बात का हर्ष जताया कि हमने हमारे बच्चों का भविष्य सुरक्षित और विश्वसनीय संस्था के हाथों में दे रखा है। परीक्षा परिणाम और पुरस्कार प्राप्त कर विद्यार्थियों में प्रसन्नता का भाव झलक रहा था।

# नपा ने आंगनबाड़ी केंद्र वार्ड 12 में मनाया मतदाता जागरुकता कार्यक्रम



हरिभूमि न्यूज ⏭ सुठालिया

सोमवार को मतदाता जागरूकता अभियान के अंतर्गत नगर परिषद के वार्ड प्रभारी एवं आंगनवाड़ी कार्यकर्ताद्वारा हाथों पर मेहंदी लगाकर मतदाता जागरूकता का संदेश दिया। मतदाता जागरूकता कार्यक्रम में मुख्य नगर पालिका अधिकारी इकरार अहमद ने बताया कि चुनाव निर्वाचन अधिकारी द्वारा अलग-अलग दिनांक को अलग-अलग मतदाता जागरूकता के कार्यक्रम चलाए जाएंगे जिसमें आंगनवाड़ी कार्यकर्ता, नगर परिषद के कर्मचारी और बीएलओ रहेंगे। मेहंदी कार्यक्रम में वार्ड क्रमांक 12 आंगनबाड़ी कार्यालय पर मनाया गया। जिसमें सुठालिया नगर की समस्त आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, सहायिका, नगर पालिका कर्मचारी मौजूद रहे।

# जंगीबड़ जोड़ पर सार्वजनिक प्याऊ का शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ⏭ इकलेरा

सोमवार को स्वर्गीय सिद्धू लाल मीणा की द्वितीय पुण्यतीथि के प्रथम दिवस पर निज ग्राम जंगीबड़ जोड़ पर सार्वजनिक प्याउ का उद्घाटन 1 अप्रैल को सुबह 11 बजे किया गया, जिसमें जिला पंचायत सदस्य रामबाबू मंडल, जीतू माले, संजय बना पत्रकार, पूर्व सरपंच समंदर सिंह, हरि ओम जौहर, रवि मीणा, राहुल गिरी, विशाल राठौर, संदीप गोस्वामी, अजय मीणा, विजय मीणा, संजू माले, रवि बैरवा,सभी समाजिक बन्धु,मित्रगण युवा साथी उपस्थित रहे।

अप्रेल फूल की जगह नई परिपाटी में 'अप्रेल कूल'

# न्याय विभाग ने पौधे रोपकर मनाया 'अप्रेल कूल डे'



राजगढ़। प्रकृति और पर्यावरण संरक्षण की दिशा में चल रहे प्रयासों को आगे बढ़ाते हुए न्याय विभाग ने अभिनव पहल की है। पूरी दुनिया में 01 अप्रेल को अप्रेल फूल डे मनाए जाने का प्रचलन है। मप्र राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण ने अनूठी पहल करते हुए एक अप्रेल को पौधारोपण करवाते हुए 'अप्रेल कूल डे' मनाने का संकल्प लिया। इसी कड़ी में प्रधान एवं जिला सत्र न्यायाधीश राजीव कुमार कर्महे के मार्गदर्षन में न्यायिक अधिकारियों द्वारा न्यायालय परिसर में विभिन्न किस्मों के अनेकों फलदार एवं औषधीय गुणों वाले पौधों का रोपण किया। इस अवसर पर राजगढ़ मुख्यालय पर पदस्थ समस्त न्यायाधीशों सहित सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण एवं न्यायालयीन कर्मचारी उपस्थित रहे। सभी ने अपने-अपने घरों में भी पौधरोपण का संकल्प लिया।

# शीतला सप्तमी पर महिलाओं ने माता को अर्पित किया ठंडे-बासी का भोग



हरिभूमि न्यूज ⏭ राजगढ़

शीतला सप्तमी पर्व पर्व सोमवार को श्रृद्धालु महिलाओं द्वारा शीतला मंदिर पहुंचकर विधि-विधान के साथ पूजा-अर्चन करते हुए माता को ठंडे, बासी का प्रसाद अर्पित किया गया। इस सप्तमी पर माता को ठंडे, बासी का प्रसाद चढ़ाने की धार्मिक परंपरा है।

इसी के तहत सोमवार तड़के नगर की सैकड़ों श्रृद्धालु महिलाएं शीतला माता मंदिर पहुंची और पूजा-अर्चना करते हुए प्रसाद अर्पित किया। नगर में शीतला माता का एकमात्र मंदिर है। ऐसे में शहर भर की महिलाओं का हुजूम एकसाथ मंदिर में उमड़ने से तड़के से लेकर सुबह 10 बजे तक मंदिर में खासी भीड़ उमड़ती देखी गई। नगर पालिका के कर्मचारी सहित महिला पुलिस के ड्यूटी भी यहां लगवाई गई थी।

रात्रि में निर्मित ठंडे भोजन का भोग लगाया

# शीतला सप्तमी पर महिलाओं ने की माता की पूजा-अर्चना, सुख-समृद्धि की कामना

हरिभूमि न्यूज ⏭ जीरापुर

नगर के माताजी मोहल्ला स्थित शीतला माता मंदिर पर शीतला सप्तमी के पावन अवसर पर महिलाओं ने पूजा अर्चना कर घर परिवार की सुख-समृद्धि खुशहाली की कामना की। शीतला माता का यह स्थान नगर के मध्य स्थित एक मात्र प्रसिद्ध मंदिर है जहां पर पुरे नगर की महिलाएं देर रात्रि से पुजा अर्चना एवं माता जी को रात्रि में निर्मित ठंडे भोजन का भोग लगाने पहुंची। इस दौरान नगर परिषद ने शीतला माता मंदिर के चोक एवं रास्ते पर मेटिंग कि बिछात करवाई ताकि नंगें पैर पुजा अर्चना करने आई महिलाओं को कंकड़ मिट्टी से बचाया जा सके।

महिलाओं ने शीतला माताजी को जल से नहलाया व ठंडे बासी पकवानों का भोग लगाया। मंदिर से जल को घर में लाकर छिड़क कर परिवार की खुशहाली की कामना, पौराणिक परंपरानुसार गृह की सुख शांति व धन धान्य खुशहाली लिए होली उपरांत प्रत्येक घरों में सप्तमी के एक दिन पूर्व रात्रि में ही भोजन बनाकर देर रात्रि से ही महिलाएं मंदिर पहुंचना शुरू हो जाती है जहां




लम्बी कतार में बारी बारी से पूजा की जाती है। उल्लेखनीय है कि होली पर्व के बाद सातवें दिन देवी शीतला माता की पूजा की परंपरा है।

रात में भोजन बनाकर शीतला माता को ठंडे पकवानों का भोग मंदिर पहुंचकर लगाती है।घर के सदस्य ठंडे पकवानों को ही खाते हैं। धर्म ग्रंथों के मुताबिक शीतला माता की पूजा का ठंडा खाने से संक्रमण और अन्य चेचक जैसी बीमारियां नहीं होती। प्रदेश के कुछ समुदाय के लोग इसे त्योहार को बासोड़ा भी कहते हैं। मगर ऐसी प्राचीन मान्यता है कि जिस घर में महिला शुद्ध मन से इस व्रत को करती है।

नवयुवक संघ के अध्यक्ष बने दीपक शर्मा दूसरी बार निर्विरोध अध्यक्ष चुने, महिला मंडल में सिखा मनोनित

# ब्राह्मण समाज के होली मिलन समारोह में समाज की कार्यकारिणी का गठन

हरिभूमि न्यूज ⏭ सारंगपुर



नगर के सर्व ब्राह्मण समाज ने रविवार को द्वारा होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। इसके बाद बैठक रविवार शाम 7 बजे स्थानीय श्रीराम मंदिर पंडित वाडी में नपाध्यक्ष पंकज पालीवाल के मुख्य अतिथ्य में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता समाज के वरिष्ठ संरक्षक प्रेम शंकर पांडेय ने की। कार्यक्रम का आरंभ मंदिर में विराजित समस्त देव विग्रहों सहित परम आराध्य भगवान परशुराम के समक्ष दीप प्रज्वलन कर पूजन के साथ किया। बैठक के दौरान पांडे ने अपने उद्बोधन में समाज को संगठित तथा मजबूत कर वर्तमान परिस्थितियों में समाज पर होने वाले अत्याचारों से लडने के लिए समाज को कार्य करने के लिए आगे बढाने की बात कही। इसी क्रम में पूर्व नपाध्यक्ष ललित पालीवाल ने सामाजिक कुरीतियों को दूर करने के लिए समाज को एक जुट होकर ब्राह्मण समाज को और मजबूती प्रदान करने की बात कही।

वरिष्ठ अधिवक्ता अनिल दीक्षित ने अपने उद्बोधन में समाज के संगठन को गति के साथ आगे बढ़ाने की बात कही। साथ ही उन्होने प्रस्ताव को समर्थन देते हुए समाज के अध्यक्ष के लिए पुनरू संजय शर्मा के नाम पर मोहर लगाई। जिसका उपस्थित सभी समाज जनों ने करतल ध्वनि और पूरे उत्सव के साथ सहमति प्रदान की। साथ ही महिला मंडल अध्यक्ष के लिए आशा व्यास ने शिखा शर्मा का नाम प्रस्तावित किया तो समर्थक के रूप मे सुनीता दीक्षित ने सहमति प्रदान कर शिखा शर्मा को महिला मंडल का अध्यक्ष मनोनीत किया गया। इसी क्रम में नव युवक मंडल के लिए रजत शर्मा ने दीपक शर्मा के नाम का प्रस्ताव रखा गया। जिसका समर्थन अंकित अवस्थी व कुशल शर्मा ने किया गया और दीपक शर्मा के कार्यो को देखते हुए उन्हे अध्यक्ष के रूप में मनोनीत करने के लिए सभी युवा साथियों ने अपनी सहमति प्रदान की। वहीं ब्राह्मण समाज के सचिव दिलीप शर्मा ने समाज के द्वारा पिछले दो वर्षो जो सहयोग प्रदान करने के लिए धन्यवाद प्रेषित किया। साथ ही समाज के आराध्य देव भगवान परशुराम के छायाचित्र का भूपेंद्र जोशी, बालकृष्ण शर्मा, जय प्रकाश जोशी ने वैदिक मंत्रोत्चार के साथ सांगोपांग पूजन करवा कर रंगारंग आयोजन का शुभारम्भ किया। कार्यक्रम का संचालन प्रकाश तिवारी ने किया तथा आभार प्रदीप जोशी ने माना।

इस अवसर पर जुगल किशोर दुबे, राजेंद्र पालीवाल, संजय व्यास, श्याम जोशी, दिनेश पाठक, संतोष पाण्डेय, प्रमोद शर्मा, सिद्धनाथ शर्मा, अमित दुबे, सुनिल उपाध्याय, पूर्व महिला मंडल अध्यक्ष मेघना जोशी, रेखा दुबे सहित कई विप्र जन उपस्थित थे।